हरिभूमि होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# रंग भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 4 मार्च 2026

## खबर संक्षेप

### होली में मुखौटा पर प्रतिबंध एहतियातन लगाई गई है रोक

**सारंगढ़।** जिले में होली के दिन आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब विक्रय पर सख्त कार्यवाही एवं शुष्क दिवस का पालन करेंगे। कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार का विवाद या शांति भंग की स्थिति पर रोकथाम करेंगे। संबंधित तहसीलदार एवं थाना प्रभारी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। यातायात सुरक्षा अंतर्गत नशे की हालत में वाहन चलानाए नाबालिगों द्वारा वाहन संचालन, तीन सवारी बैठना और बिना हेलमेट वाहन चलाना एवं मुखौटा लगाकर धूमना प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र में वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बिना अनुमति के डीजे का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। फूहड़ए भड़काऊ एवं धर्म विशेष पर टिप्पणीकारी गीतों पर रोक रहेगी। आपातकालीन सेवा में स्वास्थ्य विभाग आपातकालीन स्थिति हेतु तैयार रहे। अग्निशमन फायर ब्रिगेड और पानी के टैंकरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बुनियादी सुविधा अंतर्गत त्यौहार के दौरान निर्वाध विद्युत आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। होली व होलिका दहन से शासकीय संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचे यह ध्यान रखना होगा। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष पुलिस गश्त लगाई जाएगी। सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान जैसे क्षेत्रों में असामाजिक गतिविधियों को रोकने हेतु बैरिकेटिंग की जाएगी।

### आयुर्वेद अधिकारी संघ ने किया होली मिलन समारोह



**रायगढ़।** छग आयुर्वेद अधिकारी संघ जिला शाखा रायगढ़ द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला आयुष अधिकारी डॉ गौराहा ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को होली की शुभकामनाएं दी। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर अपने वरिष्ठ से आशीर्वाद लिए । साथ ही साथ जिला शाखा का विस्तार करते हुए डॉ प्रशांत सक्सेना को उपाध्यक्षए डॉ मुकेश साहू को मीडिया प्रभारी एवं डॉ माकेश्वरी जोशी को जिला कार्यकरिणी सदस्य मनोनीत किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ कुणाल पटेल, प्रदेश महामंत्री डॉ अजय नायक, सचिव डॉ संजीव पटेल सहित सभी पदाधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

### पीएम जनमन योजना से विकास समृद्धि की नई दिशा : लखनलाल

**कोरबा।** प्रधानमंत्री जनमन योजना से न केवल सड़क कनेक्टिविटी बढ़ी है बल्कि दूरस्थ जनजातीय समुदायों के सामाजिक विकास, आर्थिक भागीदारी और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज हुआ है। यह पहल पीवीटीजी समुदायों के सशक्तिकरण की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रही है। आज ग्राम में मुख्यमंत्री गौरव पथ का निर्माण कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। इन सभी कार्यों से दूरस्थ क्षेत्र के आवागमन को अभूतपूर्व गति मिलेगी। सड़कों और पुल-पुलियों के निर्माण से वर्षा ऋतु में ग्रामीण अंचल का किसी भी प्रकार का संपर्क बाधित नहीं होगा। उक्त बातें उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने सोमवार को जिले के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से 21 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। ग्राम कनबेरी में श्री अग्रसेन गौसेवा समिति के पास आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल ने की। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी वर्गों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रभावी योजनाएँ बनाते हैं ताकि प्रत्येक हितग्राही तक अधिकतम लाभ पहुँच सके। यही कारण है कि आज प्रत्येक योजना का लाभ पात्र लोगों तक निर्बाध रूप से पहुँच रहा है। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार समग्र और समान विकास की नीति पर कार्य कर रही है।

## होलिका जलाते समय बैगा को शेर उठाकर ले गया था, तब से नहीं जलाते दो गांव के लोग होली

# किवंदती के 150 बछर, जीरापाली और जामदलखा में न जलती है होली न खेलते हैं रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

परंपरा संस्कृति धर्म कर्म, आस्था अंधविश्वास और मान्यताएं आज भी हमारे दैनिक जीवन में अहम स्थान रखती है। इसमें रोज कुछ न कुछ जुड़तीं हैं और टूटती भी हैं। ऐसी ही मान्यताओं और परंपराओं की एक दास्तां है बरमकेला ब्लॉक के दो गांव की जो घने जंगल के बीच बसे हैं। गांव का नाम है। जीरापाली, जामदलखा। दोनों गांवों में किवंदती के 150 बछर पूरे हो गए हैं, जहां न होली जलाई जाती है और न ही रंग-गुलाल खेली जाती है। कहें तो पुरखों की बनाई नियम आज भी इन गांवों में लोग अमल करते हैं।

गांव के कुछ शौकीन दूसरे गांव रंग खेलने चले जाते हैं। ऐसा करने के लिए किसी ने किसी को न तो मनाया है और न ही खुद माने हैं। इसकी एक अजीब और बेहद दिलचस्प कहानी है। यहां के 84 वर्षीय रामलाल भोई बताते हैं कि उनके दादा जी के पिता जी के समय से दोनों गांव में न तो होलिका जलाई जाती है और न ही यहां सार्वजनिक तौर पर रंग खेलते हैं। ये जरुर है कि गांव के लोग अपने-अपने घरों में पूजा.पाठ करते हैं और घर के लोग ही एक दूसरे को टीका लगाते हैं। श्री भोई ने बताया कि होली की पहली रात गांव की देवी-देवताओं की पूजा करने वाले बैगा को शेर भारी भीड़ के बीच से उठाकर ले गया था। तब से अब तक जीरापाली और जामदलखा में होलिका दहन नहीं होती है। यहां रंग भी कोई नहीं खेलता है।







गांव की गली में बैठे ग्रामीण और गांव में कीर्तन करते लोग।

### यह भी एक कहानी

यह भी माना जाता है कि सपने में आई देवी ने गांव में होली जलाने और होली खेलने से मना की। उसने कहा था कि ऐसा करने पर गांव में अनिष्ट हो सकता है। वह बैगा सपने को सपने की तरह ही भूल गया और सुबह चार बजे होलिका दहन स्थल पर अपना पूजा-पाठ का सामान लेकर पहुंच गया। बताते हैं कि जब होलिका दहन करने से पहले वह पूजा कर रहा था तब जंगल की ओर से एक शेर आया और बैगा को उठा ले गया। वहां मौजूद गांव के लोग इस दृश्य को देखकर भय से कांपने लगे और किसी तरह अपने आप पर काबू पाकर घर चले गए। सबने ये बात गांव वालों को बताई तो सबकी हालत खराब हो गई। तब गांव के वरिष्ठों ने बैठक कर फैसला किया कि अब से गांव में न होलिका दहन होगा और न ही रंग-गुलाल खेली जाएगी। तब से लेकर अब तक इस परंपरा और मान्यता को पीढ़ी दर पीढ़ी मानते आ रहे हैं। याने पुरखों की बनाई नियम को आज भी इन गांवों के लोग अमल कर रहे हैं। भलेहि रंग गुलाल खेलने के शौकीन अपने किसी रिश्तेदार या फिर दूसरे गांव जाकर इसे पूरा कर लेते हैं।

### कुछ अनिष्ट की आशंका

कभी कोई इन मान्यताओं को तोड़ने की कोशिश नहीं की। दबी जुबान से लोग यह भी कहते हैं कि यदि होलिका दहन की गई तो हो सकता है कोई अनिष्ट हो जाए। हालांकि अब तक कहीं कोई ऐसी घटनाएं नहीं घटी हैं। फिर भी लोगों के मन में डर है कि यदि वे बुजुर्गों के बनाई गई परंपरा को तोड़ेंगे तो इसका खामियाजा पूरे गांव को भुगतना पड़ेगा। यही सोचकर शायद कभी किसी ने इसे तोड़ने की कोशिश नहीं की।

### पांच से एक हजार की जनसंख्या

इन गांवों की जनसंख्या पांच सौ से एक हजार के आसपास है। अधिकांश लोगों का जीवन यापन खेती-किसानी के साथ वनोपज के सहारे चलती है। खास बात यह है कि बाकी त्योहारों को यहां दोगुनी खुशी और उत्साह के साथ मनाते हैं। होली नहीं खेलने का किसी को कोई मलाल भी नहीं है, चूंकि परंपराएं उनके अपनों ने बनाई है। दोनों गांव पहले पूरा जंगल ही थाए धीरे-धीरे जंगल गांव में तब्दील हो गया।

### परंपराओं का कर रहे निर्वहन

जीरापाली के 84 वर्षीय रामलाल भोई बताते हैं कि उनके दादा जी के पिता जी के समय से यह परंपराएं चली आ रही है। आज भी उस परंपरा और रिवाज का निर्वहन पूरे गांव के लोग कर रहे हैं।

### दादा परदादा सुनाते हैं बड़े चाव से कहानी

रंगाडीह के उप सरपंच संजय चौधरी बताते हैं कि इस तरह की कहानियां किताबों में हमने पढ़ा थाए लेकिन दादा परदादा से यह कहानी सुनते आ रहे हैं। मान्यताओं को लेकर कभी किसी ने सवाल नहीं उठाया है। हमारे पुरखा के बनाए नियम को कोई नहीं तोड़ता।

## जीवन में लघु समारोहों का आयोजन जरूरी: उमेश



**पुसौर।** जीवन को सार्थक और उसमें समरसता बनाए रखने के लिए जीवन के छोटे और महत्वपुर्ण अवसरों को भुनाने लघु आयोजनों का होना आवश्यक हो जाता है चूंकि इससे आपसी भाईचारा बनी रहती है। यह तथ्य इन्होंने जन्मदिन और जीवन में उपलब्धियों को लेकर एक दूसरे को साझा करने को लेकर कहा।

मालूम हो कि नगर पंचायत पुसौर के वार्ड 13 में पिछले 2 कार्यकाल से उमेश साव यहां के पार्षद रहे हैं साथ ही ग्राम पंचायत काल में ये पंच भी रहे हैं। इनके यह लोकप्रियता अपने वार्डवासियों के दुख सुख में सदैव साथ रहने के एवज में रहा है जिसमें एक तो जन्मदिन, शादी और दूसरी जो गमीं में होता रहा है। इसी कड़ी में अपने वार्ड के पूर्व पार्षद सुरेश महाणा जो कि रामलीला के गायक भी है इनके जन्मदिन के अवसर पर इन्हें बधाई ही नहीं बल्कि एक सरल सहज समारोह का आयोजन करने की योजना बनाया जिसमें रामलीला समिति के अध्यक्ष बैकुण्ठ गुप्ता ने व्यवस्था को अंजाम तक पहुंचाया। इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, नरेश कसेर और नरेश मेहर भी शामिल रहे। ज्ञात हो कि जन्मदिन मनाने से संबंधित व्यक्ति के जीवन में एक उत्साह का संचार होता है जिसे अपने लोगों से मिलने का अवसर प्राप्त होता है और इसी बहाने दुरियां कम होती है जो दुरी बनाए भी रहते हैं इस अवसर पर वो पास आ जाते हैं इस तथ्य को लेकर नगर उपाध्यक्ष उमेश साव अपने वार्ड के साथ साथ आम लोगों को यह राय देते रहे हैं कि जन्मदिन अवश्य मनाना चाहिए वो भी सादे और सरल तरीके से।

## अंतर विभागीय ड्यूस बॉल क्रिकेट स्पर्धा के रोमांचक मुकाबले में कलेक्टर-11 की जीत



**घरघोड़ा।** रायगढ़ जिले में आयोजित अंतर विभागीय ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 इन दिनों पूरे जोश और उत्साह के साथ जारी है। जिले की प्रशासनिक टीमों के बीच खेली जा रही इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं।

कलेक्टर 11 रायगढ़ जिला पंचायत रायगढ़, कमिश्नर 11 रायगढ़, एसडीएम 11 रायगढ़, एसडीएम 11 खरसिया, एसडीएम 11 घरघोड़ा, एसडीएम 11 धर्मजयगढ़ एवं एसडीएम 11 लैलूंगा। 1 मार्च 2026 को घरघोड़ा क्रिकेट मैदान में खेले गए मुकाबले ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। पहला मुकाबला कलेक्टर 11 रायगढ़ एसडीएम 11 घरघोड़ा टॉस जीतकर एसडीएम 11 घरघोड़ा ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। शुरुआत में उनका निर्णय बिल्कुल सही साबित हुआ। कलेक्टर 11 रायगढ़ के ओपनर प्रशांत पड़ा बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए, जिससे टीम पर शुरुआती दबाव बन गया, लेकिन इसके बाद कप्तान मयंक चतुर्वेदी और धर्मेंद्र श्रीवास ने मोर्चा संभाल लिया। दोनों ने शानदार साझेदारी करते हुए। टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया स्कोर 100 के पार ले गए, विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। निर्धारित 20 ओवर में कलेक्टर 11 रायगढ़ ने बनाए 191 रन। प्रमुख योगदान मयंक चतुर्वेदी 52 रन, धर्मेंद्र श्रीवास नाबाद 103 रन शानदार शतक, जवाब में एसडीएम 11 घरघोड़ा की दमदार वापसी, लक्ष्य का पीछा करते हुए मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया। मनोज, सुमन और पंकज उपाध्याय की बेहतरीन बल्लेबाजी ने मैच को आखिरी ओवर तक पहुंचा दिया। मैदान में तनाव और उत्साह चरम पर था। लेकिन निर्णायक क्षणों में कप्तान मयंक चतुर्वेदी की रणनीति सधी हुई गेंदबाजी ने मैच का रुख बदल दिया। कलेक्टर 11 रायगढ़ ने यह मुकाबला मात्र 5 रनों से जीत लिया। प्रशासनिक मैदान में भी दिखा नेतृत्व यह मुकाबला सिर्फ खेल नहीं बल्कि टीमवर्क, नेतृत्व और रणनीति का भी शानदार उदाहरण बना। अंतिम ओवर तक चले इस संघर्षपूर्ण मैच ने यह साबित कर दिया कि प्रशासनिक अधिकारी मैदान में भी उतने ही जुझारू हैं।

## मेडिकल कॉलेज संबद्ध अस्पताल में होली को लेकर मेडिकल स्टाफ को विशेष निर्देश



### सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी

**रायगढ़।** होली त्योहार को ध्यान में रखते हुए, स्व. लखीराम अगव्राल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था की गई है।

अधिष्ठाता डॉ संतोष कुमार एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ मनोज कुमार मिंज ने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने के लिए निर्देशित किया है। होली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या आपातकालीन चिकित्सा स्थिति के संभावित मामलों को देखते हुए आपात चिकित्सा सेवाओं को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। होली के दिन 04 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण ओपीडी बाह्य रोगी विभाग बंद रहेगा, लेकिन इमरजेंसी सेवाएं पूर्ववत 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी।

आपात चिकित्सा सेवाओं को लेकर विशेष प्रबंध - अधिष्ठाता डॉ संतोष कुमार ने बताया आपातकालीन विभाग में जीवन रक्षक दवाओं और आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। क्लीनिकल विभाग के विभागाध्यक्षों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैंए ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता दी जा सके। सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को इमरजेंसी ड्यूटी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेए इसके लिए इमरजेंसी यूनिट को विशेष रूप से सशक्त किया गया है। अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड को हिदायत दी गए हैं। सिक्योरिटी सुपरवाइजर को विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा स्टाफ को चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुलिस ने किया चोरी करने और चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार



**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने तालाबपार हमालपारा क्षेत्र में हुई सोने की बाली चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रार्थिया श्रीमती बिन्दू देवांगन 40 निवासी तालाबपार हमालपारा वार्ड क्रमांक 05 खरसिया द्वारा 01 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

लगभग दो वर्ष पूर्व खरीदी गई 02 मासा सोने की एक जोड़ी बाली कीमत लगभग 20 रुपए को आलमारी में रखी थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा 22 फरवरी को चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305(ए) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान तत्काल खरसिया पुलिस ने संदेही महेश देवांगन उम्र 19 वर्ष निवासी हमालपारा तालाबपार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि उसने चोरी की बाली को सोनू प्रजापति (उम्र 24 वर्ष) निवासी जवाहर कॉलोनी वार्ड क्रमांक 03 खरसिया को 10 हजार रुपए में बेच दिया था तथा प्राप्त रकम खर्च कर दी। सोनू प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी का सामान खरीदना पाया गया, जिस पर प्रकरण में धारा 317(2) बीएनएस जोड़ी गई। आरोपी से सोने की बाली बरामद कर ली गई है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### दो दिन पहले खेत में मिला था युवक का शव

# नौकरी लगाने के नाम पर लिया था तीन हजार, वापस मांगने पर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दो दिन पहले खेत में मिली युवक की लाश मामले के आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है।आरोपी से मृतक नौकरी लगाने के नाम पर टीन हजार लिया था, आरोपी रकम लौटाने कहा तो दोनों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि तैश में आकर आरोपी ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी।

दो दिन पहले खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम परसकोल हॉस्टल के सामने खेत में एक युवक की लाश मिली थी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी । मृतक की पहचान अनिल कुमार चौहान 35 , पिता स्व. प्यारेलाल चौहान ग्राम परसकोल के रूप में हुई थी। खरसिया एसडीओपी प्रभात पटेल, थाना प्रभारी, एफएसएल यूनिट, साइबर और डॉग स्क्वॉड की मदद से मामले की जांच की जा रही थी। मृतक के शरीर पर पेट, गले एवं अन्य स्थानों पर धारदार हथियार से वार के निशान मिले थे। इसी आधार पर हत्या के अंदेशे से जांच आगे बढ़ाई जा रही थी। इसी बीच सूचना मिली कि मृतक और ग्राम बगबुडवा निवासी राहुल यादव के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। संदेही राहुल यादव 20, पिता भुजबल यादव, निवासी बगबुडवा खरसिया को



हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। शुरू में आरोपी पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती के बाद उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि दो महीने पहले उसने नौकरी लगाने की बातचीत के एवज में मृतक को 3 हजार दिए थे। रकम वापस मांगने पर विवाद हुआ और 28 फरवरी की रात कन्या छात्रावास के पास उसने चाकू से कई वार कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद वह बाइक क्रमांक सीजी-13-व्ही-8933 से घर लौट गया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त चाकू, खून से सने कपड़े एवं मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### बहन को लगा था गली में हो रहा हल्ला

मृतक की बहन खुशबू चौहान ने बताया कि रात में सड़क की ओर से हल्ला-गुल्ला की आवाज सुनाई दी थी, लेकिन वह ध्यान नहीं दी। उसे लगा कि गली में कोई हो हल्ला कर रहा होगा,लेकिन उसे क्या पता था जहां हल्ला हो रहा वहां भाई की लाश मिलेगी। अगले दिन सुबह खेत में उसके भाई का शव मिला। खरसिया थाने में धारा 194 बीएनएसएस दर्ज कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला कायम किया गया था।

### दीपका खदान ने कोयला उत्पादन में बनाया रिकार्ड

**कोरबा।** एसईसीएल की दीपका खदान ने उत्पादन का नया रिकार्ड बनाया है। दीपका खदान ने 35.7 मिलियन टन कोयला उत्पादन का आंकड़ा दर्ज किया।धातु और खनन एसईसीएल कोल इंडिया लिमिटेड की दूसरी बड़ी उत्पादक कंपनी है। तीन मेगा प्रोजेक्ट्स गेवरा, कुसमुंडा और दीपका की एसईसीएल के आधे से ज्यादा उत्पादन में हिस्सेदारी होती है। दीपका खदान ने 28 फरवरी को 35.7 मिलियन टन के आंकड़े पर पहुंचते ही कोयला उत्पादन का एक नया रिकार्ड कायम किया। इसके पूर्व वित्तीय वर्ष 2018-19 में दीपका ने सर्वाधिक 34.99 मिलियन टन के उत्पादन को छुआ था। इस आंकड़े को पार करने में पांच साल लग गए। 31 मार्च तक जब अंतिम आंकड़े आएंगे तक 35.7 मिलियन टन से कहीं अधिक उत्पादन दर्ज हो चुका होगा।

## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम भिंजपुर निवासी स्व.सुशीला बाई का नाला के पानी में डूबने से 14 अगस्त 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पिता सहदेव राम हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### राधेय विद्यापीट के बच्चों ने बनाया हर्बल गुलाल

**कोरबा।** राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल के कक्षा 6 से 9 तक के बच्चों ने स्कूल संचालक राधेश्याम मनहर के सानिध्य में सुगंधित हर्बल गुलाल बनाया है। यह गुलाल वनस्पतियों से जैसे चुकंदर, गाजर, पालक भाजी और हल्दी के रंगों से बनाया गया है। इसमें किसी प्रकार का केमिकल उपयोग नहीं किया गया है इसलिए यह पूर्ण रूप से सुरक्षित और बिना किसी नुकसान का है। हमारे स्कूल के बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ व्यावसायिक ज्ञान भी दिया जा रहा है ताकि आने वाले दिनों में बच्चे अपना कैरियर व्यवसाय में भी बनाने में अभी से प्रेरित हों । स्कूल के सभी बच्चों ने आज पानी बचाने सूखी होली खेलने का संकल्प लिया। होली के पावन अवसर पर हम किसी तरह का केमिकल वाले रंग अथवा गुलाल का उपयोग से बचें। स्कूल के बच्चों द्वारा बनाया गया हर्बल गुलाल से हमारे सभी पालक अत्यंत प्रभावित हुए और बच्चों को निकट भविष्य में कुछ इस तरह की करने के लिए उत्साहित किए।

### शिवराज के फागुनी गीतों पर थिरके लोग

**कोरबा।** होलिका दहन की पूर्व संध्या को आरएसएस नगर मे फाग गीतों के साथ लोगों ने परंपरा और संस्कृति के साथ खुद को जोड़ा। राज्यपाल शिक्षा अलंकरण से सम्मानित पंडित शिवराज शर्मा के फाग गीतों ने ऐसा जादू बिखेरा कि श्रोता झूमने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद पंडित शिवराज शर्मा ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक फाग रचनाओं को अपने मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। नगाड़ा, ढोलक और मंजीरे की थाप के साथ जब फाग गीत गूंजे तो उपस्थित लोगों के कदम खुद-ब-खुद थिरकने लगे। फाग गीतों में राधा-कृष्ण की होली, बरसाने की ठिठोली और ब्रज की मस्ती का जीवंत चित्रण हुआ। फागुनी बयार चली तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो आरएसएस नगर का इलाका ब्रजधाम में बदल गया हो और आसपास ही वृंदावन-बरसाना की होली की छटा बिखर रही हो। फाग गीतों की मिठास और रंगों की उमंग ने सभी के मन में होली के प्रति उत्साह को और बढ़ा दिया।

### प्रेरणा महिला मंडल द्वारा मनाया गया होली मिलन समारोह

**कोरबा।** डीएसपीएम आवासीय परिसर स्थित सीनियर क्लब में प्रेरणा महिला मंडल द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उत्सव में ब्रज की परंपरा को जीवंत करते हुए फूलों की होली और लठमार होली मुख्य आकर्षण रहे। मंडल की सभी सदस्य राधा और कृष्ण के मनमोहक स्वरूप में सजकर आईं थीं। गेंदा, गुलाब और पलाश के फूलों की वर्षा के बीच जब राधा-कृष्ण बने सदस्यों ने नृत्य किया गया।

**बंजारा समाज की अनोखी होली** | ढोलक एवं झांझ की थाप पर फाग गीत,होली का उत्साह हुआ दुगुना

# नंगे पांव अंगारों पर चलकर पारंपरिक तरीके से मनाई होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

यहां के बंजारा समाज ने होलिका की अग्नि की परिक्रमा कर एवं फाग गीत गाकर पारंपरिक तरीके से होली मनाई। ढोलक व झांझ के साथ फाग गीतों ने होली के उत्साह को दोगुना कर दिया था। डुमरबहार के मोती बंजारा ने पारंपरिक फाग गीतों के बारे में विस्तार से बताया।पूर्णिमा की रात को समाज के सदस्य समाज के मुखिया के चावडीघर (समाज की एक विशेष घर) में एकत्र हुए। वहां उन्होंने रतजगा कर ढोलक व झांज के साथ पारंपरिक फाग गीत गाया।

इसके बाद में ब्रह्म मुहूर्त में होलिका दहन किया गया। दिनभर होली खेलने के बाद में गांव व समाज के सदस्य होलिका दहन स्थान पर फिर से एकत्र हुए। जहां उन्होंने अग्निदेव को गुड़, घी, धूप, अगरबत्ती व नारियल अर्पित किया। इसके बाद होलिका की आग के अंगारे पर नंगे पांव में सात बार परिक्रमा किया। समाज के लोगो का कहना है कि यह परंपरा समाज में बरसों से चली आ रही है। ऐसा करने पर गांव व समाज के लोगों में अनहोनी घटना नहीं होती। मोती बंजारा ने कहा कि आग से सात परिक्रमा करने के बाद दूध व गंगाजल से होलिका को ठंडा किया गया। फिर उसकी राख से सभी लोगो ने तिलक लगाया और होली का समापन किया।



### परिवार की खुशियों के लिए चलते हैं अंगारों पर

विभिन्न समाज के लोग होली को अपनी अपनी परंपरा अनुसार मनाते हैं। इनमें से कई परंपराएं आश्चर्यचकित करने वाली और अनोखी होती हैं। होली पर ऐसी ही अनोखी परंपरा पालन करता आ रहा बंजारा समाज। समाज के लोग होलिका दहन के दिन रोग, शोक व भय के नाश के लिए अंगारों पर चलते हैं। होलिका की आग में घी और गुड़ डालकर पुरे विधिविधान से पूजा की जाती है। इसके बावजूद समाज के लोगों को आग में चलना पड़ता है। समाज के बड़े-बुजुर्गों के अनुसार जिस प्रकार धार्मिक अनुष्ठानों में परिक्रमा करनी पड़ती है, वैसे ही समाज के लोगों को होलिका की अग्नि का परिक्रमा करते हैं। बंजारा समाज में होली का अपना एक अलग ही स्थान है। समाज के महिला-पुरुष पूर्णिमा के दिन अलग-अलग टीम बनाकर फाग गीत गाते हैं और बाजा-गाजे के साथ रात्रि जागरण करते हैं।

### भोर में होता है होलिका दहन, पहले पुरुष फिर महिलाएं करती है परिक्रमा

भोर में होलिका दहन की जाती है। समाज के लोग एक साथ सुबह रंग खेलने से पहले होलिका की राख को एक दूसरे के माथे में लगाकर होली मिलन करते हैं और छोटे बालक बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हैं। बराबर उम्र वाले गले मिलकर ईर्ष्या और दुश्मनी को भूलकर भाई-चारे के साथ गले मिलते है। इसके बाद रंग-गुलाल खेला जाती है। शाम को होली खेलने के बाद समाज के लोग एकत्र होकर होलिका दहन स्थान की परिक्रमा करते हैं। पहले पुरुष गीत गाकर परिक्रमा करते हैं, फिर महिलाओं की बारी आती है।

वर्दी हुई दागदार जशपुर में 24 पैकेट गांजा बरामद

# गांजा तस्करी के मामले में दो आरक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में नशे के खिलाफ चल रही मुहिम के बीच शनिवार को कोतवाली पुलिस ने ऐसी कार्रवाई की, जिसने पूरे पुलिस महकमे को झकझोर कर रख दिया। विवेकानंद कॉलोनी स्थित एक किराए के मकान से 24 पैकेट गांजा बरामद होने के बाद जब पूछताछ आगे बढ़ी तो तस्करी के तार सीधे पुलिस विभाग तक जा पहुंचे। मामले में दो आरक्षकों की गिरफ्तारी से सनसनी फैल गई है।

28 फरवरी को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रवि विश्वकर्मा नामक व्यक्ति अपने किराए के मकान में भारी मात्रा में अवैध गांजा छिपाकर रखा है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली की टीम ने बिना देर किए विवेकानंद कॉलोनी में दबिश दी। रेड के दौरान घर में रखी एक पेटी से 24 पैकेट गांजा बरामद किया गया। बरामद माल को जब्त कर आरोपी रवि विश्वकर्मा को हिरासत में लिया गया।



गोविंद उर्फ सुनील भगत। रवि विश्वकर्मा। अमित त्रिपाठी। धीरेंद्र मधुकर।

#### कानून से ऊपर कोई नहीं

जशपुर पुलिस की इस कार्रवाई से साफ संदेश गया है कि अवैध नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह वर्दीधारी ही क्यों न हो। विभागीय स्तर पर भी आगे की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

#### अभियान इसी तरह जारी रहेगा

जिले में होली से पहले लगातार हो रही इन कार्रवाईयों ने नशे के सौदागरों में हड़कंप मचा दिया है। पुलिस का कहना है कि अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और जिले को नशामुक्त बनाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

#### पूछताछ में खुला बड़ा राज

सख्ती से पूछताछ करने पर रवि विश्वकर्मा ने बताया कि यह गांजा गोविंद उर्फ सुनील भगत ने पैसों के एवज में उसके घर में रखवाया था। पुलिस ने तत्काल सुनील भगत को भी गिरफ्तार कर लिया। मामले में थाना जशपुर में अपराध क्रमांक 74/26 के तहत धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

#### विभाग में मचा हड़कंप

मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया जब आरोपी गोविंद उर्फ सुनील ने पूछताछ में खुलासा किया कि थाना तपकरा के आरक्षक क्रमांक 581 धीरेंद्र मधुकर उम्र 37 वर्ष एवं आरक्षक क्रमांक 392 अमित त्रिपाठी उम्र 35 वर्ष भी गांजा तस्करी में मिलकर काम कर रहे थे। जांच के दौरान दोनों आरक्षकों की संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# हुड़दंग करने की सोच रहे हैं तो जेल जाने हो जाइए तैयार, पुलिस आसमान से कर रही निगरानी

- पुलिस ने तैयार किया ड्रोन, आसमान में दिनभर मंडराएगा, हुड़दंगियों पर रहेगी पैनी नजर, अगले 48 घंटे पुलिस रहेगी हाई अलर्ट मोड पर
- शहर में 400 से अधिक पुलिस अधिकारी-जवान तैनात: शहर से लेकर गांव तक सुरक्षा घेरा
- शहर के 16 चेकिंग पॉइंट और दो दर्जन फिक्स पॉइंट, तेज और शराब पीकर वाहन चलाने वाले भी जाएंगे जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि होली में हुड़दंग करने की सोच रहे हैं तो जेल जाने के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि इस बार किसी भी सूरत में बचेंगे नहीं। पुलिस आसमान से आप पर नजर रख रही है। पुलिस ने आसमान से निगरानी रखने के लिए ड्रोन तैयार किया है। अगले 48 घंटे तक है अलर्ट मोड पर रहेगी। शहर में 400 से अधिक पुलिस के अधिकारी और जवानों की तैनाती की है। शहर में करीब 16 चेकिंग पॉइंट और दो दर्जन से अधिक फिक्स पॉइंट बनाए गए हैं। तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाने वाले भी जेल जाएंगे। छेड़खानी जैसी घटनाओं पर नजर रखने के लिए सादीवर्दी में महिला-पुरूष जवानों की तैनाती की गई है।

#### मोहल्लों में भी रहेगी पुलिस

इस बार चौक चौराहों के अलावा मोहल्लों में पुलिस रहेगी। जिला पुलिस और सीएएफ के जवानों की टुकड़ी वहां नजर रखेगी। पुलिस ग़स्ती टीम चार पहिया और दो पहिया वाहनों में शहर और मोहल्लों में चक्कर लगाती रहेगी। दो दर्जन से अधिक गाड़ियां घूमती रहेगी।

#### दूसरी ओर होली के दिन

नदी, डेम, पार्क की निगरान भी होगी। यहां जाने के प्रतिबंद लगा दिया गया है। इसके अलावा सोशल मीडिया की भी मॉनिटरिंग होगी। आपत्तिजन या भडकाऊ पोस्ट पर कार्रवाई होगी। ऐसा नहीं है कि इस तरह की सुरक्षा व्यवस्था केवल शहर में होगी, गांवों में भी ऐसे ही पुलिस तैनात रहेगी। पुलिस कंट्रोल रूम से शहर और देहात क्षेत्र की एक्सपर्ट टीम से निगरानी की कराई जा रही है। इस बार होली में किसी तरह की अव्यवस्था न हो इसके लिए पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। एक दिन पहले से ही शहर में मार्च कर शांति बनाए रखने का संदेश दे दिया है। जहां पूर्व में हुड़दंग या अन्य आपराधिक घटनाएं घट चुकी है ऐसे पॉइंट पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। शहर में कुछ इलाका चिन्हित भी है जहां अशांति फैलने की संभावना है। ऐसे जगहों की मॉनिटरिंग की जा रही है। कुल मिलाकर इस बार होली में शांति बनी रहे, कहीं कोई घटनाएं न हो इसके लिए पुलिस की पूरी तैयारी है।

## सुशासन शिविर का आयोजन 9 से 27 मार्च तक

**जशपुरनगर।** कांसाबेल विकासखण्ड में शासन के विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभागों की संतृप्तिकरण हेतु कांसाबेल कलस्टर के ग्राम पंचायत कोडलिया, जुमईकेला, केनाडांड़, बांसबहार और खारपानी में सुशासन शिविर का आयोजन क्रमशः 09 मार्च, 12 मार्च, 13 मार्च, 16 मार्च, एवं 19 मार्च 2026 को किया जा रहा है।

कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला स्तरीय शिविर हेतु अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रियंका रानी गुप्ता को नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसी प्रकार विकासखण्ड स्तरीय शिविर हेतु एसडीएम बगीचा प्रदीप राठिया को नोडल अधिकारी एवं जनपद सीईओ कांसाबेल संदीप कुमार मरावी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके साथ ही शिविर में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी, संबंधित ग्राम पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों भी उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है। शिविर में पेंशन, राशन कार्ड, आवास, व्यक्तिगत शौचालय, मनरेगा, कार्य, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग कार्ड, नामांतरण, बटवारा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और नल-जल से संबंधित समस्याओं को समाधान किया जाएगा। दुलदुला, कुनकुरी, फरसाबहार, बगीचा, जशपुर, पत्थलगांव और मनोरा विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों भी विकासखण्ड स्तरीय शिविर का होगा आयोजन कलेक्टर श्री व्यास के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार सुशासन शिविर में शासन के योजनाओं के स्कोप की जानकारी जन समान्य को प्रदान करते हुए, योजनाओं से वंचितों को लाभान्वित करने हेतु पेंशन, राशन कार्ड, आवास, व्यक्तिगत शौचालय, मनरेगा, कार्य, आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग कार्ड, नामांतरण, बटवारा, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और नल-जल से संबंधित आवेदन प्राप्त किया जाएगा तथा कलस्टर पंचायत स्तर से प्राप्त आवेदनों का पंचायत स्तर में निराकृत किया जाएगा। इस हेतु दुलदुला, कुनकुरी, फरसाबहार, बगीचा, जशपुर, पत्थलगांव और मनोरा विकासखण्ड के संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत सीईओ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 09 मार्च को दुलदुला विकासखण्ड के बरपानी, बगीचा के मुढ़ी और जशपुर के केरे किनकेल में विकासखण्ड स्तरीय सुशासन शिविर आयोजित होगी। इसी प्रकार 13 मार्च को कुनकुरी के भेलवाटोली, फरसाबहार के घुमरा, पत्थलगांव के खाड़ामाचा और मनोरा के अंधरझर, 23 मार्च को दुलदुला विकासखण्ड के जामटोली, बगीचा के कुरकुरिया और जशपुर के रातामाटी, 27 मार्च को कुनकुरी के चटकपुर, फरसाबहार के बंसाझाल, पत्थलगांव के फरसाटोली और मनोरा के इराई में भी सुशासन शिविर आयोजित होगी।

### अनियंत्रित हुई स्कूटी, झाड़ियों में गिरा युवक, मौत

**कोरबा।** दर्री क्षेत्र के सीएसईबी सिपेट रोड पर रविवार की शाम एक ऐसा हादसा हुआ, जिसमें सीएसईबी कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय मुकेश कंवर की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार घटना रविवार शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच की है। मुकेश अपनी स्कूटी से कहीं जा रहे थे, तभी सिपट रोड पर वे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरे। वहां से गुजर रहे राहगीरों की नजर जब झाड़ियों में फंसी स्कूटी पर पड़ी, तो वे तुरंत मदद के लिए दौड़े। भारी मशक्कत के बाद युवक को झाड़ियों से बाहर निकाला गया और तत्काल एनटीपीसी अस्पताल ले जाया गया। जहां परीक्षण उपरांत मुकेश को मृत घोषित किया गया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## श्रवणदोष से पीड़ित चाका बाई को मिला श्रवण यंत्र, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को दिया धन्यवाद

**जशपुरनगर।** 90 वर्षीय चाका बाई की चेहरे से झलकती मुस्कराहट बता रही है कि उनके जीवन में खुशियां फिर से लौट आई है। उम्र के इस दौर में शारीरिक परेशानियों का आना स्वाभाविक है और ऐसे समय में की गई सहायता बुजुर्गों के लिए बड़ी सहारा बनती है। ठीक से सुनाई नहीं देने की समस्या से जूझ रही चाका बाई मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंची।

उन्हें उम्मीद थी कि उन्हें उनकी परेशानियों का समाधान यहां पर अवश्य मिलेगा और हुआ भी ऐसा ही, कैंप कार्यालय से उन्हें तत्काल मदद मिली और उसे श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत जामचुआं, तहसील कुनकुरी निवासी चाका बाई ठीक से सुनाई नहीं देने की समस्या से जूझ रही थी। उन्होंने कैंप कार्यालय में आवेदन देकर अपनी समस्याओं को साझा किया। कैंप कार्यालय ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उनके आवेदन पर त्वरित कार्यवाही की और उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया। श्रवण यंत्र पाकर चाका बाई ने अपनी प्रसन्नता जाहिर की और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को आशीर्वाद दिया है। गरीबों को मदद करने की संवेदनशील सोच और समय पर उनका काम बन सके, इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बगिया में कैंप कार्यालय की नींव रखी, जहां कई जरूरतमंदों को सही समय में मदद मिल रही है।

ग्राम कुंजेमुरा में निरीक्षण, पर्यावरण उद्योग प्रबंधन पर की जा रही कार्यवाही

## ऐश डाइक से राखड़ उड़ने की शिकायत, प्रशासन ने तरेरी आंखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के तमनार स्थित मेसर्स जिंदल पॉवर लिमिटेड थर्मल पावर प्लांट की ऐश डाइक से राखड़ आसपास के गांवों में उड़ने की शिकायत प्राप्त होने पर जिला प्रशासन ने तत्परता से संज्ञान लिया है। शिकायत कलेक्टर रायगढ़ को प्राप्त होते ही इस मामले की जांच के संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के दल द्वारा प्रभावित क्षेत्र ग्राम कुंजेमुरा का स्थल निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने ऐश डाइक की स्थिति, राखड़ प्रबंधन व्यवस्था तथा आसपास के क्षेत्र में



पर्यावरणीय प्रभाव का अवलोकन किया। स्थानीय ग्रामीणों से भी चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी गईं। प्राथमिक जांच में राखड़ उड़ने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उद्योग प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। पर्यावरण मानकों के अनुरूप ऐश डाइक का समुचित संधारण, नियमित जल छिड़काव, हरित पट्टी विकास तथा धूल नियंत्रण के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

जिला प्रशासन ने विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। औद्योगिक इकाइयों को पर्यावरणीय प्रावधानों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। विभाग के अधिकारी ने बताया कि प्रशासन द्वारा आगे भी सतत निगरानी रखी जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर फिर से निरीक्षण कर स्थिति की समीक्षा की जाएगी ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

# निदेशक ने क्षेत्र में खनन कार्यों और पेस्ट फिल परियोजना की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक ने सोमवार को कोरबा क्षेत्र का दौरा किया और मानिकपुर खदान, सरायपाली खदान, अंबिका ओसी खदान और सिंघाली साइट पेस्ट फिल परियोजना के लिए निर्धारित कार्यान्वयन स्थल सहित प्रमुख परिचालन इकाइयों की व्यापक समीक्षा की।

एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक ने सभी खदानों में कोयला उत्पादन की स्थिति, उत्पादकता मापदंड, उपकरण तैनाती, ओवरबर्डन प्रबंधन और प्रेषण प्रदर्शन का आकलन किया। परियोजना टीमों के साथ विस्तृत चर्चा की गई ताकि वर्तमान उत्पादन स्तरों का मूल्यांकन किया जा सके और



वित्तीय वर्ष के शेष दिनों में परिचालन दक्षता बढ़ाने के अवसरों की पहचान की जा सके। सिंघाली साइट पर, उन्होंने पेस्ट फिल परियोजना की प्रगति और कार्यान्वयन स्थिति की समीक्षा की। सतत भूमिगत खनन और बेहतर संसाधन पुनर्प्राप्ति के लिए इसके रणनीतिक महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने संबंधित टीमों को समय पर निष्पादन और तकनीकी लक्ष्यों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उत्पादन को अधिकतम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने उपलब्ध क्षमताओं के इष्टतम उपयोग, उत्पादन और प्रेषण इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय और वर्ष के अंत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए केंद्रित निगरानी पर बल दिया।

#### आम ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुटरा प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. सुकली तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चांपा में स्थित भूमि ख.नं. 1694 कुल रकबा 40 डिसमिल भूमि जो कि मैनेजर यादव वल्द सहरता यादव निवासी ग्राम कुटरा तहसील जांजगीर के स्वामित्व और आधिपत्य की भूमि है जिसे माधुरी कश्यप पति संतोष कुमार कश्यप निवासी ग्राम कैथा तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) के पास ख.नं. 1694 कुल रकबा 40 डिसमिल भूमि में से 10 डिसमिल भूमि बिक्री करने का सौदा किया गया है। उक्त भूमि में यदि किसी व्यक्ति को कोई उजर दावा हो तो ईश्तहार प्रकाशन के 10 दिन के भीतर अपना दावा और कागजात पेश करके दावा पेश करें बाद में कि गई आपत्ति और दावा अमान्य माना जायेगा । अतः सूचना जाने

भवदीय
आर. एन. राठौर
अधिवक्ता जांजगीर



03 -MAR- jash+rgh +janj-pg-03_Layout 1 3/3/2026 6:35 PM Page 1





# अंटार्कटिका में होगी वाराणसी की शूटिंग!

**मुंबई।** बॉलीवुड और तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक वाराणसी ने फिर से सुर्खियाँ बटोरी हैं। प्रियंका चोपड़ा के एक ट्वीट से फैंस में खलबली मच गई है। फैंस फिल्म वाराणसी के बड़े स्तर पर फिल्माए जाने की बात पहले से जानते हैं, लेकिन हाल ही में प्रियंका ने जो कहा, उससे एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। अब लोग ये सोच रहे हैं कि क्या फिल्म की शूटिंग अंटार्कटिका में होगी। जब महेश बाबू ने प्रियंका की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द ब्लफ की तारीफ की और प्रियंका को 'टॉप फॉर्म' बताया, तो प्रियंका ने मजाकिया अंदाज में जवाब देते हुए लिखा, 'जल्द ही अंटार्कटिका में मिलते हैं।'

## लाइफ Style



# नरगिस

## दुबई में सता रहा डर, नहीं आ रही नींद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले के बाद से ही हर किसी के दिल में डर सा बैठ गया है। लगातार तबाही की खबरों ने सबको बेचैन कर दिया है। ऐसे में बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री की कई हस्तियां इस संकट में फंस गई हैं। जहां कई सेलेब्स हवाई यात्रा पूरी तरह से बंद होने के कारण एयरपोर्ट पर अटकी हुई हैं, वहीं नरगिस फाखरी जैसी एक्ट्रेस दुबई में 'हाई अलर्ट' की स्थिति में रहने पर बात कर रही हैं।


फिल्म 'रॉकस्टार' की एक्ट्रेस नरगिस फाखरी कथित तौर पर अपने पति टोनी बेग के साथ दुबई में रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ड्रोन और मिसाइल हमलों के खतरे के बीच अपनी मानसिक स्थिति के बारे में खुलकर बताया। नरगिस ने खुलासा किया कि उन्हें नींद नहीं आ रही है और लगातार अनिश्चितता के कारण उनका दिमाग 'हाई अलर्ट' पर है। इससे पहले एक इंस्टाग्राम स्टोरी में फाखरी ने लिखा था, 'पिछले दो दिन बहुत ही मुश्किल भरे रहे हैं।' एक और पोस्ट में, नरगिस फाखरी ने लिखा, 'चाहे कुछ भी हो जाए, चिंता और भय की यह भावना बनी रहती है क्योंकि आपको पता ही नहीं होता कि आगे क्या होने वाला है। नींद भी नहीं आती, दिमाग हमेशा अलर्ट रहता है। बहुत रात हो गई है और मैं पूरी तरह से जाग रही हूं।' वहीं, फेमस बंगाली एक्ट्रेस सुभाश्री गांगुली और उनका बेटा दुबई में फंसे लोगों में शामिल हैं। उनके पति, निर्देशक और तृणमूल कांग्रेस के विधायक राज चक्रवर्ती ने कोलकाता में मीडिया से इस स्थिति के बारे में बात की। राज ने बताया कि संघर्ष शुरू होने के समय सुभाषश्री अपने नाबालिग बेटे के साथ दुबई में छुट्टियां मना रही थीं। उन्होंने कहा, 'वे एक होटल में सुरक्षित हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# दिल्ली- मुंबई में करेंगी परफॉर्म

**लॉस एंजिल्स।** करीब दो दशकों के बाद भारत में शकीरा को लेकर एक बार फिर से फैन्स के बीच चर्चा तेज हो गई है। ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करने के लिए यहां आ रही हैं। शकीरा के कॉन्सर्ट दिल्ली और मुंबई दोनों जगह होने हैं। आइए जानते हैं पॉर सिंगर के शो के लिए फ्रंट सीट के लिए आपको कितने रुपये खर्च करने होंगे। म्यूजिक और खासकर पॉप के फैन्स के लिए ये एक फेस्टिवल से कम नहीं। शकीरा भारत के दो शहरों मुंबई और दिल्ली में कॉन्सर्ट करने जा रही है।



# अवॉर्ड जीतने के बाद दी इमोशनल स्पीच

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर माइकल बी जॉर्डन ने 2026 एक्टर अवाड्‌र्स में बड़ी जीत हासिल की है। उन्हें 'सिनर्स' में उनकी शानदार परफॉर्मेंस के लिए लीडिंग रोल में मेल एक्टर द्वारा आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस का अवॉर्ड मिला। रयान कूगलर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन की दोहरी भूमिका है। अवॉर्ड लेने जब वे मंच पर पहुंचे तो उन्होंने अपनी मां के लिए इमोशनल स्पीच दी। माइकल ने अवॉर्ड लेते हुए अपने संघर्ष भरे दिनों को याद किया और उनका जिक्र किया। अभिनेता ने कहा, 'मॉम, मुझे न्यूयॉर्क लाने-ले जाने के लिए आपका बहुत शुक्रिया। हमारे पास जब हॉलैंड टनल से जाने के लिए पैसे नहीं थे, जब मैं अपने ऑडिशन के लिए वहां गया था। इसके लिए आपको बहुत शुक्रिया'।



# मां बनने के बाद बदला दीपिका का नजरिया

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने मां बनने के बाद अपने 'टॉक्सिक ट्रेट' के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि वह बेटी से ब्रेक की चाहती हैं। 24 घंटे शांति चाहती हैं, लेकिन उसके बिना रह भी नहीं सकती हैं। वह अपने बेटी दुआ से दूर नहीं रह सकती हैं। दीपिका पादुकोण ने वीडियो पर कैप्शन में लिखा, 'मैंने कह दिया! मेरा टॉक्सिक ट्रेट है कि मैं अपने बच्चे से इतना प्यार करती हूं कि मैं नहीं चाहती कोई और उसे देखे... लेकिन मुझे ब्रेक की बहुत जरूरत है... लेकिन मैं अपने बच्चे के बिना रह नहीं सकती... लेकिन मुझे 24 घंटे की शांति चाहिए... लेकिन मैं फिर भी 24/7 उसके साथ रहना चाहती हूं।' दीपिका पादुकोण ने मां बनने के बाद अपनी बेटी के बारे में कम लेकिन सोच-समझकर बात की है। उन्होंने मदरहुड को जिंदगी बदलने वाला, ग्राउंडिंग और बेहद भावुक अनुभव बताया है।



# सोहम की तुम्बाड-2 में हुई नवाजुद्दीन की एंट्री

**मुंबई।** तुम्बाड के प्रोड्यूसर सोहम शाह ने इसके दूसरे पार्ट को लेकर बड़ा अपडेट शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर एक खास कलाकार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की जानकारी दी है। बता दें कि एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी अब 'तुम्बाड 2' में नजर आएंगे। इस बात की जानकारी खुद सोहम शाह ने दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वे नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ नजर आए। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा- 'हमें इस बात की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमारे समय के सबसे बेहतरीन एक्टर्स में से एक, नवाजुद्दीन सिद्दीकी 'तुम्बाड 2' फिल्म के साथ जुड़ गए हैं।' माना जा रहा है कि अपनी लेयर्ड, अनप्रेडिक्टेबल और इमोशनल एक्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले नवाजुद्दीन फिल्म के सीक्वल में बहुत जरूरी रोल निभाएंगे।

## टीवी मसाला



# संकट में आईएएस अभिलाष की नौकरी, टूटे सारे रिश्ते


**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लोकप्रिय एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने सोमवार को अपनी सुपरहिट हिंदी ड्रामा सीरीज ' एस्पिरेंट्स सीजन 3 ' की वर्ल्डवाइड रिलीज डेट 13 मार्च घोषित कर दी है। द वायरल फीवर ने इसे बनाया है और दीपेश सुमित्रा जगदीश ने डायरेक्ट किया है। इसमें नवीन कस्तुरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और टेंगम सेलिन मुख्य रोल में हैं, और जतिन गोस्वामी नई एंट्री हैं। नया सीजन डीएम अभिलाष की कहानी दो टाइमलाइन में दिखाता है। अभी के समय में, संदीप ओझा द्वारा लगाए गए आरोपों के कारण अभिलाष के खिलाफ जांच शुरू हो जाती है, जिससे उसके दोस्तों और परिवार के साथ रिश्ते खराब होने लगते हैं और करियर पर भी संकट आ जाता है। वहीं पास्ट में, आईआरएस बनने के बाद, युवा अभिलाष आखिरी बार आईएएस की तैयारी करने का फैसला करता है। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' का प्रीमियर 13 मार्च को भारत और दुनिया भर में प्राइम वीडियो पर होगा। अमेजन प्राइम वीडियो इंडिया के कंटेंट लाइसेंसिंग डायरेक्टर, मनीष मेघानी ने कहा, 'प्राइम वीडियो पर हम दर्शकों के लिए ऐसी कहानियां लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो असलियत से जुड़ी हों और आज के समय को दर्शाती हों। एस्पिरेंट्स ने अपनी ईमानदारी से सपनों, महत्वाकांक्षाओं और जिम्मेदारियों को दिखाकर दर्शकों के साथ गहरा रिश्ता बना लिया है। द वायरल फीवर के साथ हमारे पुराने सहयोग ने हमें कई सीजन तक इस कहानी को जोश के साथ आगे बढ़ाने में मदद की है, और हम एस्पिरेंट्स का अगला चैप्टर भारत और दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए बहुत खुश हैं।'

## 150 बच्चों को 11 रुपए में पढ़ाया



**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के चौथे सीजन के पहले एपिसोड के रिलीज होने की तैयारी के साथ ही लोगों में उत्साह बढ़ता जा रहा है। इस नए एपिसोड ने अपनी स्टार-स्टडेड गेस्ट लिस्ट की वजह से सबका ध्यान खींचा है, जिसमें खान सर, अलख पांडे और नितिन विजय जैसे शिक्षक शामिल हैं। इतने लोकप्रिय कलाकारों के साथ, दर्शक मजेदार बातचीत, पर्दे के पीछे की कहानियों और खूब हंसी-मजाक की उम्मीद कर सकते हैं। यह एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुका है। इंटरनेट पर छा रहे एक वीडियो में खान सर ने बताया है कि उन्होंने इतने सारी बच्चों को पढ़ाया है कि देश के हर डिपार्टमेंट में उनका पढ़ाया बच्चा है। खान सर ने कहा, 'मुंबई रेलवे स्टेशन पर 100-150 बच्चे जॉब कर रहे हैं, जिनको 11 रुपए में हमने पढ़ाया है लॉकडाउन में। उस 11 रुपए में करवाई गई पढ़ाई की नतीजा है कि आज कोई भी डिपार्टमेंट ऐसा नहीं है देश का जहां मेरा पढ़ाया हुआ बच्चा नहीं है।' ऑनलाइन क्लास का क्या फायदा है, बताते हैं, अभी वो आ नहीं पाए यहां जीशान, वो बैंड पार्टी में गाना गाते थे।

# एलनाज, मंदाना समेत कई ईरानी एक्ट्रेस ने कमाया नाम







**मुंबई।** ईरानी मूल की बॉलीवुड एक्ट्रेस एलनाज नोरौजी ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए ईरान के नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर खुशी जाहिर की। इस वजह से वह खबरों में आ गईं। हम आपको बता रहे हैं कि एलनाज नोरौजी के अलावा बॉलीवुड में ईरानी मूल के एक्टर्स कौन-कौन हैं।

**एलनाज नोरौजी** : एलनाज नोरौजी लगभग 9 साल से बॉलीवुड में सक्रिय है, वह ईरानी हैं। बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय और डांस के लिए जानी जाती हैं। वह क्राइम थ्रिलर सीरीज सेक्रेड गेम्स के अलावा कई बॉलीवुड फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

**मंदाना करीमी** : एलनाज नोरौजी के अलावा मंदाना करीमी भी ईरान से संबंध रखती हैं। वह चर्चित मॉडल रही हैं। मंदाना करीमी भी बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। भाग जॉनी और क्या कूल हैं हम 3 जैसी फिल्मों में उन्होंने एक्टिंग की है।

**सज्जाद डेलाफ्रूज** : सज्जाद डेलाफ्रूज एक ईरानी एक्टर हैं। वह हिंदी फिल्मों में भी नजर आए हैं। सलमान खान की फिल्म टाइगर जिंदा है में उन्हें देखा गया था। इसके अलावा वह सीरीज स्पेशल ऑप्स में भी दिखाई दिए थे।

**जॉन अब्राहम और बोमन ईरानी का भी ईरान से नाता** : बोमन ईरानी और जॉन अब्राहम बॉलीवुड के नामी एक्टर्स हैं। इनका भी ईरान से गहरा नाता है। जॉन अब्राहम का जन्म मुंबई में हुआ, उनके पिता केरल के मलयाली सीरियन क्रिश्चियन हैं और मां ईरानी जोरोस्ट्रियन हैं। वहीं, बोमन ईरानी का जन्म मुंबई के एक ईरानी जोरोस्ट्रियन परिवार में हुआ था। इन दोनों एक्टर्स की जड़े ईरान से जाकर जुड़ती हैं।

# ईरान की कई फिल्मों को मिला ऑस्कर अवॉर्ड तीन को मिला नामांकन, दुनियाभर में सराहा गया





**नई दिल्ली।** इन दिनों ईरान में बुरे हालात हैं। शनिवार को अमेरिका और इस्राइल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। इसके बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए। ईरान फिल्मों के लिहाज से बहुत समृद्ध है। यहां कई बेहतरीन फिल्में बनी हैं। कई फिल्मों को दुनियाभर में सराहा गया है। ईरान की कई फिल्मों को ऑस्कर अवॉर्ड मिले हैं। कुछ फिल्में ऑस्कर में पहुंची।

***चिल्ड्रन ऑफ हेवन ऑस्कर के लिए नामांकित*** : साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'चिल्ड्रन ऑफ हेवन' साल 1999 में ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नामांकित हुई थी। इसके निर्देशक माजिद मजीदी हैं। इसे सबसे अच्छी विदेशी भाषा की फिल्म कैटेगरी में नामांकन मिला। इस फिल्म में भाई-बहन की कहानी दिखाई गई है, जो गरीबी में एक दूसरे की मदद करते हैं। 2010 में रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म 'बम बम बोले' इसी से प्रेरित है।

***ए सेपरेशन ने जीता ऑस्कर*** : फिल्म 'ए सेपरेशन' साल 2011 में रिलीज हुई थी। साल 2012 में यह फिल्म ऑस्कर अवॉर्ड जीतने में कामयाब रही थी। फिल्म को सबसे अच्छी पटकथा के लिए अवॉर्ड मिला था। यह ईरान की सबसे पहली फिल्म थी जिसे यह अवॉर्ड मिला था। इसके निर्देशक असगर फरहदी थे। फिल्म में पति-पत्नी के रिश्ते के बीच तनाव दिखाया गया है। इसके अलावा एक प्रेग्नेंट महिला का संघर्ष दिखाया गया है।

***द सेल्समैन को मिला ऑस्कर*** : फिल्म 'द सेल्समैन' साल 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन असगर फरहदी ने किया था। इसे सबसे अच्छी विदेशी भाषा की फिल्म की कैटेगरी में अवॉर्ड मिला था। इसमें एक कपल की कहानी दिखाई गई है, जो पहले अच्छे से रहते हैं, लेकिन नए अपार्टमेंट में शिफ्ट होने के बाद उनके बीच तनाव पैदा हो जाता है।

## 15 वर्षों में पहली बार है, जब सिनेमाघरों में होली पर कोई फिल्म नहीं हो रही है रिलीज

# होली पर खाली रहेगा बॉक्स ऑफिस, ईद पर होगी दो फिल्मों में भिड़ंत

*नई दिल्ली। इस होली पर 15 वर्षों का रिकॉर्ड टूटने वाला है। साल 2011 के बाद यह पहली बार है, जब होली के मौके पर कोई फिल्म नहीं रिलीज होगी। सिनेमा प्रेमी अक्सर त्योहारों पर सिनेमाघरों में जाना पसंद करते हैं। चार मार्च को होली है। इस मौके पर कोई भी बॉलीवुड फिल्म नहीं रिलीज हो रही है। 15 वर्षों में यह पहली बार है, जब सिनेमाघरों में होली पर कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही है। होली के कुछ ही दिनों बाद ईद है। ईद के मौके पर दो बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*

### क्या ईद की वजह से होली पर नहीं आ रही फिल्म?

अक्सर ऐसा होता है कि बड़े त्योहारों पर कोई बड़ी फिल्म रिलीज होती है। हालांकि इस होली पर ऐसा नहीं हो रहा है। दर्शकों को यह काफी खटक रहा है। कई लोगों का कहना का इस बार होली पर फिल्म रिलीज न होने की वजह यह है कि ईद पर दो बड़ी फिल्में 'धुरंधर' और 'टॉक्सिक' रिलीज हो रही हैं।

### सिनेमाघरों के लिए मुश्किल समय

साल 2011 के बाद यह पहली बार है जब बड़े पर्दे पर होली के मौके पर कोई बड़ी फिल्म नहीं रिलीज हो रही है। बताया जाता है कि सिनेमाघरों के लिए खुद का खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। इन दिनों सिनेमाघरों में 'द केरल स्टोरी 2' चल रही है। यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। 'ओ रोमियो' भी थकने लगी है। 'अस्सी' को दर्शक देखने को नहीं तैयार हैं।





### होली पर आईं हिट फिल्में

पिछले कुछ वर्षों में होली के मौके पर रिलीज हुई फिल्मों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जिन फिल्मों ने होली के मौके पर सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया है, उसमें तू झूठी मैं मक्कार (2023), केसरी (2019), बद्रीनाथ की दुल्हनिया (2017) और कहानी (2012) शामिल हैं

### फिल्म मेकर्स में ईद को लेकर दौड़

19 मार्च यानी ईद के मौके पर फिल्म 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' रिलीज होने वाली हैं। ये दोनों बड़ी फिल्में हैं, इसलिए इस डेट के आस-पास सभी फिल्मों ने अपनी रिलीज डेट बदल दी है। कुछ लोग इस बात से नाराज हैं कि दोनों फिल्में ईद पर रिलीज हो रही हैं। उनका मानना है कि अगर इन फिल्मों के मेकर्स में ईद को लेकर होड़ न होती तो एक फिल्म होली पर रिलीज हो सकती थी।

### होली पर फ्लॉप फिल्में...

ऐसा भी नहीं है कि होली पर सिर्फ हिट फिल्में ही आई हैं। इस मौके पर रिलीज हुई कई फिल्में फ्लॉप भी रही हैं। इसमें अजय देवगन की फिल्म हिम्मतवाला (2013) का नाम आता है। इसके अलावा अक्षय कुमार की फिल्म बच्चन पांडे (2022) भी शामिल है।

### 2011 में क्यों नहीं रिलीज हुई फिल्म

साल 2011 में होली के मौके पर कोई फिल्म इसलिए रिलीज नहीं हुई थी, क्योंकि तब क्रिकेट वर्ल्ड कप था। इसी तरह से 2003 में भी होली के मौके पर क्रिकेट वर्ल्ड कप की वजह से फिल्म नहीं रिलीज हुई थी। वर्ल्डकप के वक्त कम ही लोग सिनेमाघरों में जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### छतीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ का होली मिलन समारोह 6 को

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन 6 मार्च को पेंशनर भवन मनका दाई मंदिर के पास बलौदा रोड में सुबह 11 बजे किया जाएगा। इस दौरान संघ के सदस्यों के द्वारा मासिक बैठक का आयोजन भी किया जाएगा। संघ के प्रांतीय महासचिव रतनलाल कैवर्त के द्वारा कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बने विक्रम प्रताप सिंह

**सक्ती।** जैजैपुर विधानसभा के युवा भाजपा कार्यकर्ता विक्रम



प्रताप सिंह को पुनः भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। विक्रम अविभाजित जांजगीर चांपा जिले में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला विशेष आमंत्रित सदस्य थे। उनकी संगठन के प्रति सक्रियता और मेहनत को देखते हुए नवीन जिला शक्ति का जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया था फिर पुनः भाजयुमो जिलाअध्यक्ष आलोक पटेल जी की नवीन कार्यकारणी में जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है एवंमं । जिला उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर जैजैपुर सहित क्षेत्र के कार्यकर्ता में हर्ष व्याप्त है।

### देवकी नंदन झेरिया यादव समाज की हुई बैठक

**तालदेवरी।** देवकी नंदन झेरिया यादव समाज बिलासपुर संभाग का सामाजिक सांगठनिक बैठक ग्राम - अमोदी (बम्हनीडीह ) में हुई। बैठक में कोरबा जिला से आए सामाजिक सदस्यों ने अपना सदस्यता ग्रहण किया एवं आस पास गांव से पहुंचे समाज सेवक सदस्यों ने बढ़ चढ़कर अपना सदस्यता ग्रहण किया। सभी के सहयोग एवं सहभागिता से आने वाले समय में यह संगठन गांव स्तर से प्रदेश स्तर तक मार्ग दर्शन सेवा करते हुए इतिहास रचेगा। सभी से नई सोच विचार के साथ संगठन को मजबूती के साथ समर्पित भाव उच्च शिखर पर ले जाने में अहम भूमिका निभाने की बात कही गई। बैठक में आस पास के बड़ी संख्या में समाज के उपस्थित रहे।

### संकुल केंद्र बिर्रा के शिक्षकों ने किया विज्ञान मेला का आयोजन

**बिर्रा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अनुभवात्मक एवं प्रयोग आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड बम्हनीडीह के संकुल केंद्र बिर्रा के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बसन्तपुर और सभी पूर्व माध्यमिक शालाओं में विज्ञान मेले का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं पर आधारित स्टॉल लगाकर अपनी समझ, जिज्ञासा और रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विज्ञान मेले के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अम्ल एवं क्षार, विद्युत परिपथ, सुचालक एवं अचालक, पृथक्करण की विधियां, चुंबक के गुण तथा सूक्ष्मदर्शी के माध्यम से कोशिकीय संरचना के अवलोकन जैसे विषयों पर गतिविधि आधारित प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने स्वयं प्रयोग करके न केवल अवधारणाओं को समझा, बल्कि उपस्थित शिक्षकों एवं अन्य विद्यार्थियों को भी सरल भाषा में समझाया।

विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कंडे व लकड़ी का किया अर्पण, लोगों ने की जमकर खरीददारी

# जगह-जगह हुआ होलिका दहन, रंगों का पर्व होली आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रंगों का पर्व होली बुधवार 4 मार्च को अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। कुछ जगहों पर सोमवार तो कुछ जगहों पर मंगलवार की रात्रि में लोगों ने होलिका दहन से पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चना कर कंडे व लकड़ी का अर्पण किया। वहीं नंगाड़ों के थाप के साथ पूरा माहौल होली के मस्ती में मशगुल हो गया है। होली को लेकर बच्चों के लिए जहां बड़ों ने रंग पिचकारी एवं मुखौटे खरीदे, वहीं अपने लिए अबीर गुलाल भी लिया।

फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को रंगों का पर्व होली मनाया जाता है। हिन्दू काल ज्योतिष गणना के मुताबिक यह वर्ष का अंतिम दिवस होता है। इसके पूर्व रात्रि में जगह-जगह लोगों ने होलिका दहन किया। हालांकि इस बार कई जगहों पर सोमवार की रात्रि में होलिका दहन किया गया। वहीं कुछ स्थानों पर मंगलवार को होलिका दहन किया गया। मंगलवार को होलिका दहन के लिए लोगों को शुभ मुहूर्त के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। मंगलवार को चंदग्रहण एवं भद्रा लगने की वजह से कुछ लोगों ने भद्रा के पुछ में 7 बजकर 9 मिनट में होलिका दहन किया वहीं कुछ ने रात्रि 1 बजकर 26 मिनट से 2 बजकर 36 मिनट के बीच में होलिका दहन किया गया। ऐसी मान्यता है कि इस पर्व पर बुरे विचारों के शमन के प्रतीक के रुप में होलिका दहन की जाती है। महिलाओं ने होलिका दहन के पूर्व हिन्दू मान्यता के अनुसार विधि विधान से पूजा -पाठ किया एवं लकड़ी एवं कंडे का अर्पण किया। 4 मार्च को इंद्र धनुषी रंगों का पर्व होली मनाई जाएगी। इसको लेकर बच्चों में भारी उत्साह है। शहर के कचहरी चौक, पुराना बस स्टैण्ड सहित अन्य जगहों पर रंग गुलाल, पिचकारी की दुकानें सजी हुई है। आज पूरे दिनभर रंग, गुलाल, मुखौटों की बिक्री हुई। वहीं नंगाड़ों के थाप के साथ पूरा माहौल होली के मस्ती में मशगुल हो गया है। कुछ मतवाले किस्म के लोगों की तैयारियां अलग है, इसके लिए पहले से ही भांग मंगाई जा चुकी है। विशेषकर युवक-युवतियों को होली पर्व का सुबह का बेसब्री से इंतजार है। वे होली में खूब मस्ती करना चाहते हैं। दूसरी ओर पुलिस की भी चाक-चौबंद व्यवस्था है।



बुराई के प्रतीक पर्व होलिका का हुआ दहन।

शिवरीनारायण में खरीददारी करते नगरवासी



बुराई के प्रतीक पर्व होलिका का हुआ दहन।

### चांपा में दिनभर हुई रंग-गुलाल की बिक्री

**चाम्पा।** होली का पर्व बच्चे, बड़े, बुजुर्ग महिलाएं सभी के लिए आनंद एवं उल्लास का पर्व है। इन दिनों होली का सुरूर लोगों पर छा गया है। बच्चे गली मुहल्लों में नगाड़े बजाते हुए देखे जा रहे हैं तथा पिचकारियों, रंगो नगांड़ो से बाजार भरा पड़ा है। मंगलवार 3 मार्च को सुबह से देर रात तक लोगों ने रंग-गुलाल, पिचकारी, मुखौटे की खरीदी की। इस वर्ष नगर में सदर बाजार, सुभाष चौक, बरपाली चौक, मंझली तालाब, स्टेशन रोड इस सभी जगह दुकाने लगी हुई है। दुकानें होली के रंग पिचकारी से सजे हुए हैं। खासकर स्टेशन रोड में मंझली तालाब तथा इण्डोर हाल के आसपास दुकानों में ज्यादा भीड़ देखी गई।



जवानों को निर्देश देते पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय।

# होली में हुड़दंगियों पर होगी कड़ी कार्रवाई, चप्पे-चप्पे पर पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

होली में हुड़दंग रोकने जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। इसके साथ ही जापानी ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। मंगलवार 3 मार्च को दोपहर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।

होली का पर्व शांतिपूर्वक मनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। होली के दौरान हुडदंगियों पर नजर रखने ड्रोन, चीता पार्टी के अलावा पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई गई है। मंगलवार 3 मार्च से ही पुलिस की डयूटी शुरू हो गई है। पुलिस कंट्रोम रूम में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने तैनात जवानों को कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि होली का पर्व शांति और भाईचारे के साथ मनाए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इसके साथ ही उन्होंने फ्लैग मार्च करने वाले जवानों को रवाना किया, जो कि बीटीआई चौक, नेताजी चौक, नैला स्टेशन, शारदा चौक होते शहर में घुमे। इसी तरह चांपा शहर में भी फ्लैग मार्च किया गया। खास बात यह है कि इस बार पुलिस प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने हाईटेक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके तहत जापानी तकनीक वाले ड्रोन कैमरे से शहर के संवेदनशील इलाकों में नजर रखी जाएगी। इसके लिए शहर के प्रमुख चौक चौराहों एवं भीड. भाड वाले इलाकों को चिन्हांकित किया गया है, जहां संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही संकीर्ण गलियों और पहुंचविहीन क्षेत्रों में भी कैमरे की मदद से निगरानी की तैयारी की गई है।



उपस्थित कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं एसपी प्रफुल्ल ठाकुर।

# होली खुशियों व उत्साह का पर्व, शांति सुरक्षा और सौहार्द्र के साथ मनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- कलेक्टर व एसपी ने सौहार्द्र व भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील

रंगों के पर्व होली को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने जिलेवासियों से आगामी 4 मार्च को होली का पर्व शांति, सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि होली खुशियों और उत्साह का पर्व है, जिसे परंपरा और मर्यादा के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करते हुए सुरक्षित वातावरण बनाए रखने का आग्रह किया। कलेक्टर ने नगर पालिका और पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रंग-गुलाल एवं पिचकारी की दुकानों से यातायात बाधित न हो। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए होलिका दहन की अपील की गई है। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने कहा कि होली आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है। उन्होंने नागरिकों से जबरन रंग न लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने और तेज गति से वाहन चलाने से बचने की अपील की। साथ ही दोपहिया पर तीन सवारी बैठाने और प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने पर कार्रवाई की बात कही होली के दौरान जिले में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बाइक पेट्रोलिंग, मोबाइल पार्टी, डायल-112 सेवा और सादी वर्दी में पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी।

### करही में अखंड नवधा रामायण 5 से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत करही के बाजार चौक में श्री अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का शुभारंभ 5 मार्च गुरुवार होगा। ग्राम करही निवासी जोगेंद्र कुमार कश्यप ने बताया कि अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन गुरुवार 5 मार्च से किया जाएगा। व्यास आचार्य विजय गुरुद्वान होंगे। नवधा रामायण का समापन शनिवार 14 मार्च को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सम्मे लाल कश्यप उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर समस्त ग्रामवासी आवश्यक तैयारी में जुटे हुए है।

### केबी राइटर्स कलमकार सम्मान के लिए लक्ष्मीनारायण धिरहे चयनित

**हसौद।** साहित्य के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय युवा लेखक लक्ष्मीनारायण धिरहे को प्रतिष्ठित 'के० बी० राइटर्स कलमकार सम्मान 2025' के लिए नामित किया गया है। यह सम्मान विश्व रिकॉर्ड धारक संस्था के.बी. राइटर्स अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक मंच द्वारा प्रदान किया जाता है, जो वैश्विक स्तर पर साहित्यकारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रसिद्ध है।वर्ष 2025 में साहित्यिक सृजन, सामाजिक चेतना और वैचारिक अभिव्यक्ति में उल्लेखनीय योगदान को ध्यान में रखते हुए निर्णायक मंडल ने उन्हें इस सम्मान के लिए चुना है। जानकारी के अनुसार, इस बार देशभर से 400 से अधिक रचनाकारों ने आवेदन किया था, जिनमें से मात्र 51 रचनाकारों को अंतिम सूची में स्थान प्राप्त हुआ है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का 250 से अधिक ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- नरियरा में बच्चों को मिला सुरक्षा और करियर मार्गदर्शन

नगर पंचायत नरियरा स्थित दिव्य शक्ति मॉडर्न स्कूल परिसर में वेल विशर फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में नेत्र, दंत एवं कुष्ठ रोग की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया। लगभग 250 से अधिक बच्चों एवं परिवारों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर शिविर का लाभ लिया। बलौदा बाजार के यातायात उप पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य अतिथि संजय कुमार साहू ने करियर मार्गदर्शन सत्र में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, सही दिशा चयन और उज्ज्वल भविष्य के अवसरों पर मार्गदर्शन दिया। समाजसेवी अंकिता शुक्ला ने बच्चों के लिए संवेदनशील विषय "गुड टच-बैड टच" पर जागरूकता सत्र आयोजित किया। उन्होंने बच्चों को आत्म-सुरक्षा, सतर्कता और गलत परिस्थितियों की पहचान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखते हुए महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष संतोषी सिंह ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. विनीता राव ने युवाओं को नशामुक्ति अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक उपाध्यक्ष रजनी साहू ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त परीक्षा की तैयारी के टिप्स दिए। कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन स्कूल संचालक गोविंद पाटले ने किया। संस्था के सचिव चिराग शर्मा एवं सदस्य दीपक साहू ने बच्चों से संवाद सत्र का संचालन किया। कार्यक्रम में सत्येंद्र दुबे, सचिन दुबे जेएसडब्ल्यू सीएसआर हेड, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं अन्य।

# कीट के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

- सिवनी संकुल में आयोजित विज्ञान मेला में सिवनी समेत बालपुर गांव के विद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

विज्ञान दिवस के अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन जांजगीर के आदेशानुसार बलौदा ब्लॉक के अंतर्गत संकुल केंद्र सिवनी मुख्यालय में संकुल स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया।

इस सम्बन्ध में प्रभारी शिक्षक अशोक तिवारी ने बताया कि विज्ञान में आविष्कार, अन्वेषण, प्रयोग और करके सीखने को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह मेला आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय और अशासकीय दोनों मिलाकर आठ स्कूलों के 50 बच्चों ने भाग लिया और अलग अलग विषयों पर सभी ने शिक्षण सामग्री था। कीट के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को करके बताया। इसी कड़ी में कन्या पूर्व मा शाला सिवनी के बच्चों ने पवन चक्की की कार्य पद्धति, पारदर्शी अपारदर्शी को बताया। बालक पूर्व मा शा सिवनी के बच्चों ने जलशोधक, वायुदाब और जनरेटर के चलने को प्रयोग द्वारा समझाया ,पूर्व मा बालपुर के बालिकाओं ने श्वसन तंत्र, पादप कोशिका,रक्त परिसंचरण को टी एल एम के द्वारा बताए। सरस्वती शिशु मंदिर के बालकों ने आर्कमिडीज के सिद्धांत में पानी जहाज के चलने की विधि, वायु प्रदूषण के कारण नुकसान और बचाव को था नर्मदा इंग्लिश स्कूल के बच्चों ने ज्वालामुखी के कारण ,शैवाल को प्रयोग द्वारा समझाया विवेकानंद मॉडल कांवेंट से जल चक्र को बताया गया कि कैसे जल का वाष्पीकरण ,संघनन,वर्षा अवशोषण होता है। गुरुकुल के बच्चों ने सोलर कुकर के माध्यम से विभिन्न अनाजों के पकने की विधि को प्रस्तुत किया।




जानकारी प्रदान करते शिक्षक।

### किसान मोर्चा के कोड़ाभाट मण्डल अध्यक्ष सुखनंदन देवांगन

**तनौद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन व भाजपा



जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, कोडाभाट मंडल अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह और जनपद पंचायत प्रतिनिधि मानेश जांगड़े मागदर्शन एवं सहमति से भारतीय जनता किसान मोर्चा कोड़ाभाट मण्डल से सुखनंदन देवांगन को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। सुखनंदन मण्डल में विशेष आमंत्रित सदस्य और विश्व हिन्दू सहसंयोजक का दायित्व निभा चुके है। उनके किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

ग्राम कटनई में निकली नशा मुक्ति रैली व चलाया गया जन जागरूकता अभियान

# नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम कटनई में ग्राम पंचायत कटनई व वेल विशर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति रैली एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने की अपील की।इस मुहिम में मैं और पूरा थाना स्टाफ आपके साथ है।विशिष्ट अतिथियों में ग्राम सरपंच रेशम लाल मार्बल, चन्द्रिका कश्यप, नरेश कश्यप, रमैया कश्यप, संपत कश्यप, श्रवण कुमार साहू, खोज राम साहू एवं भागवत कश्यप,दीपक साहू उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नशामुक्त गांव बनाने का संकल्प दोहराया और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया और महिलाओं को कहा कि संगठित होकर अपने गांव को नशा मुक्त करने हेतु कार्य करना होगा। संस्था के सदस्य मोहन कश्यप ने कार्यक्रम में आभार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों की धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा की।कार्यक्रम के अंतर्गत पूरे गांव में नारी शक्ति के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशामुक्त समाज के समर्थन में संदेश दिए।कार्यक्रम का समापन सामूहिक शपथ के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का प्रण लिया। कार्यक्रम में पूर्णिमा कश्यप, उमेश साहू,पुन्नी बाई साहू,गणेश दास, मनी शंकर साहू,प्रीतम साहू,भरत साहू,पुष्पा साहू ग्राम कटनई उपसरपंच,पंच भोलेनाथ, कोमल, महेंद्र, भोला, प्रेमलाल कश्यप सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्राम वासी उपस्थित रहे।




ग्रामीणों को जागरुक करते थाना प्रभारी।

